पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री</u>

लखनऊः 10 मई, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में शिष्टाचारिक भेंट की। भेंट के दौरान राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने विधान सभा के अधिवेशन और सम्बोधन के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से अपनी प्रस्तावित मुंबई यात्रा के बारे में भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में रहने वाले उत्तर प्रदेश वासियों की संस्था उत्तर भारतीय संघ ने मुख्यमंत्री को मुंबई आमंत्रित किया है। श्री योगी ने राज्यपाल को प्रदेश की अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा लखनऊ में नीति आयोग की हुई बैठक के बारे में भी विचार-विमर्श किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (179/18)